समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !
नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# जोराराम कुमावत ने विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से की शिष्टाचार भेटं, विभागीय कार्यों की पुस्तिका भेटं की।

Publisher
Published on 28 May 2025



## राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से मुलाकात कर विभागीय योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी साझा की।

सवांदाता,जयपुर,राजस्थान
**जयपुर, 28 मई :** राजस्थान सरकार के **कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत** ने आज जयपुर स्थित विधानसभा में **माननीय विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी** से शिष्टाचार भेंट की और उनसे आत्मीय मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस भेंट के दौरान मंत्री जोराराम कुमावत ने अपने विभागों द्वारा किए गए कार्यों की एक विशेष पुस्तिका उन्हें भेंट स्वरूप प्रदान की।

इस पुस्तिका में **पशुपालन, डेयरी, गोपालन एवं देवस्थान विभाग** द्वारा किए गए विकास कार्यों के साथ-साथ **सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र** में संपन्न विभिन्न योजनाओं और प्रगति की विस्तृत जानकारी दी गई है।

जोराराम कुमावत वर्तमान में राजस्थान सरकार में **गोपालन (गौपालन), पशुपालन और डेयरी विभाग के कैबिनेट मंत्री** के रूप में कार्यरत हैं। मंत्री कुमावत ने इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष को अपने विभागों में पारदर्शिता, नवाचार और ग्रामीण उत्थान के लिए किए जा रहे प्रयासों से अवगत कराया।

**क्या है इस भेटं की खास बात ?**

यह मुलाकात केवल शिष्टाचार भेंट नहीं, बल्कि राजस्थान में **पशुपालन** और **ग्रामीण विकास** की दिशा में हो रहे कार्यों की जानकारी साझा करने का महत्वपूर्ण अवसर भी थी।

इससे राज्य में विभागीय कार्यों की पारदर्शिता और जवाबदेही का एक सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत होता है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.